>

Title: Need to provide relief package to the people affected due to recent cyclone in West Bengal, Bihar and Assam.

श्री प्रदीप कुमार सिंह (अररिया): अध्यक्ष महोदया, मैं आपका आभार व्यक्त करना चाहता हूं कि इस गंभीर लोक महत्व के मामले पर बोलने का अवसर दिया।

मैं अति पिछड़े इलाके से आता हूं। अररिया संसदीय क्षेत्र नेपाल और बंगाल के बॉर्डर से लगा हुआ है। शायद पहली बार मुझे सदन में बोलने का अवसर मिला है। मैं उस धरती से आता हूं जहां फणीश्वर नाथ रेणु, रामलाल सिंह स्नेही और द्विजदेनी जैसे साहित्यकारों का जन्म हुआ।

महोदया, पिछले वर्ष आई कोसी नदी की बाढ़ ने मेरे संसदीय क्षेत्र अररिया को जानमाल का गंभीर नुकसान पहुंचाया था। मुझे दुख के साथ कहना पड़ रहा है कि अभी इस क्षेत्र की जनता के आंसू थमे भी नहीं थे कि भयंकर चक्रवाती तूफान ने मेरे संसदीय क्षेत्र अररिया को तहस-नहस कर दिया। भारत के पूर्वी भाग में आए भीषण चक्रवात से भारी तबाही हुई है। चक्रवात से बिहार, पश्चिम बंगाल और असम राज्य भी प्रभावित हुए हैं। इसके अलावा मेरे संसदीय क्षेत्र अररिया के जोगीहाट, भरगामा, नरपतगंज, रानीगंज आदि प्रखण्डों में लगभग चालीस लोगों के जीवन को समाप्त कर दिया है। इस भयंकर चक्रवात से करोड़ों रूपए की संपत्ति, जान-माल तथा गरीब किसान की 70 प्रतिशत फसल तबाह हुई है। मक्के और सूरजमुखी की फसल लगभग समाप्त हो चुकी है। मुझे दुख के साथ कहन पड़ रहा है कि पिछली बार बाढ़ के समय माननीय प्रधानमंत्री जी ने मेरे संसदीय क्षेत्र अररिया का दौरा किया था, पीड़ितों के लिए विशेष पैकेज का भी ऐलान किया था, लेकिन आज तक केन्द्र सरकार की तरफ से कोई सहायता हमें प्राप्त नहीं हुई है। इसी प्रकार से तूफान की चपेट में आए अररिया संसदीय क्षेत्र की जनता को राज्य सरकार की तरफ से उचित मदद मिल रही है, लेकिन अभी तक केन्द्र सरकार की तरफ से किसी प्रकार की आर्थिक सहायता प्राप्त नहीं हुई है। बिहार के साथ हमेशा अन्याय और भेदभावपूर्ण व्यवहार होता रहा है। मैं आपके माध्यम से कहना चाहता हूं कि बिहार को विशेष राज्य का पैकेज देना चाहिए। कभी वहां की बिजली काट दी जाती है, कभी बीपीएल लिस्ट से गरीब लोगों के नाम काट दिए जाते हैं। इसलिए मैं कहना चाहता हूं कि बिहार के साथ भेदभाव न किया जाए। इसी बात के साथ मैं अपनी बात समाप्त करता हूं।...(व्यवधान)

श्री सैयद शाहनवाज़ हुसैन (भागलपुर): वहां बाढ़ का एक भी पैसा नहीं मिला है लोगों को।...(व्यवधान)

अध्यक्ष महोदया : आप लोग शान्त हो जाइए।

â€¦(व्यवधान)

अध्यक्ष महोदया : मै चाहती हूं कि सभी माननीय सदस्यों को बोलने का अवसर मिले। माननीय सदस्य को बोलने दीजिए।

â€¦(व्यवधान)

अध्यक्ष महोदया : माननीय सदस्य श्री हुक्मदेव नारायण यादव,

श्री कीर्ति आजाद,

श्री नामा नागेश्वर राव,

श्री उदय सिंह एवं

श्री सैय्यद शाहनवाज हुसैन ने श्री प्रदीप कुमार सिंह द्वारा उठाए गए विषय के साथ स्वयं को सम्बद्ध किया है।